CIN L18101RJ1992PLC006952.

# MAYUR UNIQUOTERS LIMITED

Manufacturers of Artificial Leather/PVC Vinyl

**Ref: MUL/SEC/2022-23/69**

**Date: June 21, 2022**

To,

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai-400051
**Trading Symbol: MAYURUNIQ**

BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai-400001
**Scrip Code: 522249**

**Sub: Notice of closure of Register of Members and Share Transfer Book published in Newspapers.**

Dear Sir/ Madam,

Please find enclosed herewith newspaper advertisement regarding notice of Closure of Register of Members and Share Transfer Book of the Company.

You are kindly requested to take the same on record.

Thanking You,

**For Mayur Uniquoters Limited**

MAYUR UNIQUOTERS LIMITED JAIPUR

**Dinesh Sharma**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**M. No. – ACS44736**

A Texture For Every Idea

**Correspondance Address:**
28, 4th Floor, Lakshmi Complex, MI Road, Jaipur–302001 (Rajasthan) India • Tel: +91-141-2361132 • Fax: +91-141-2365423
**Regd. Office & Works:** Village Jaitpura, Jaipur-Sikar Road, Jaipur–303704 (Rajasthan) India • Tel: +91-1423-224001 • Fax: +91-1423-224420
Email: info@mayur.biz • www.mayuruniquoters.com

# टेलेंट को रिटेन करने के लिए क्या-क्या कर रही हैं मल्टीनेशनल कम्पनियां?

**मुम्बई/एजेंसी**

मल्टीनेशनल कम्पनियां टेलेंट को रिटेन करने के लिए अनेक बेनीफिट प्रोग्राम्स को रन कर रही हैं। लिमिटेड टेलेंट पूल को देखते हुए मल्टीनेशनल कम्पनियों ने एम्प्लॉइज को नैनीज स्पॉट अवार्ड्स, इलक्ट्रिक कार लीज प्रोग्राम आदि से अट्रेक्ट करने की जुगत लगाई है। उदाहरण के लिए एचएसबीसी के चालीस हजार इन्डियन एम्लॉईज में से दस से पन्द्रह हजार सिंगल पेरेंट्स हैं। उनके पास छह वर्ष से कम आयु के किड्स हैं और इनकी टेककेयर करने के लिए नैनीज यानि फीमेल मेड की जरुरत होती है। यह एक ऐसा प्रोग्राम है, जिसे पेंडेमिक के दौरान अन्य मार्केट्स में ऑफर किया गया। एचएसबीसी इन्डिया की ह्यूमन रिसोर्स हैड ने कहा कि कार लीज बेनीफिट ऑफर किये जा रहे हैं। ब्रिटेन में ईवी लीज करीब 35,000 एम्प्लॉईज को ऑफर की गई। बैंक के अनुसार इवी को चार वर्ष के लिए लीज पर दिया जाता है, यह ऑफर दिया जाता है कि लीज पीरियड के बाद कार का स्वामित्व लेने का ऑप्शन है। ईवी ने टेलेंट को



अट्रेक्ट करने में अच्छा रेस्पांस दिया है। ईवी में टेस्ला भी शामिल है।

मल्टीनेशनल कम्पनियों का कहना है कि युवा कर्मचारियों को अपने बच्चों की देखभाल के लिए नैनी की जरूरत पड़ती है। हाइब्रिड वर्क कल्चर के दौरान यह काफी डिमांड में रही। ऐसे में यदि कार्बन एमीशन को कम कर यह कार्य सम्पन्न किया जाये, तो बुराई क्या है। इस प्रकार का प्रोग्राम इन्डिया में भी वर्क कर सकता है। एऑन इन्डिया के ह्यूमन कैपीटल सॉल्यूशंस के पार्टनर के अनुसार इन्डियन फर्म्स ऐसे लाभ को जल्दी से लागू नहीं कर पाती है। भारत में कर्मचारियों का आधार काफी बड़ा है और ऐसे में फाइनल यूटीलाइजेशन कितना हो पायेगा, कहना मुश्किल है।

इन्डिया इन्फॉर्पोरेशन की बात करें तो यहां पर प्रोफेशनल्स गैर जरूरी खर्च से बच रहे हैं और कैश को भविष्य की चुनौतियों के लिए बचा रहे हैं। क्राइसिल के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर ने कहा कि 2021 में कैश पेमेंट अवार्ड्स को लांच किया गया। इसका कारण टेलेंट को रिटेन करना रहा। असामान्य समय असामान्य निर्णय लेने को बाध्य करता है। यह भी ऐसा ही निर्णय रहा। अमेजॉन की डाइवर्सिटी, इक्विटी एंड इन्क्लूजन डायरेक्टर ने कहा है कि कामकाजी महिलाओं को ड्रॉपआउट से बचाने के लिए क्रेच सिस्टम लांच हुआ। महिलाओं को घर पर नैनीज प्रोवाइड करने का ऑप्शन दिया जाता है। वर्क एट होम करने के दौरान प्रोफेशनल महिलाओं को छोटे बच्चों को सम्भालने में दिक्कतें आई और इस कारण कम्पनियों ने नैनी ऑप्शन दिये।

## एप्पल जल्द ही लॉन्च कर सकता है सैकंड जेन एयरटैग...



एप्पल जल्द ही दूसरी पीढ़ी के एयरटैग को लॉन्च कर सकता है। एयरटैग फाइंड माई ऐप के माध्यम से लोगों को चाभी, पर्स, बैकपैक, लगेज आदि ट्रेक करने में मदद करता है। प्रसिद्ध एप्पल विश्लेषक मिंग.ची कुओ के अनुसार अगर ट्रैकिंग एक्सेसरी के शिपमेंट में वृद्धि जारी रहती है, तो एप्पल जल्द ही अगला मॉडल लॉन्च कर सकती है। एयरटैग शिपमेंट के 2021 में दो करोड़ और 2022 में लगभग तीन करोड़ यूनिट तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है। अगर एयरटैग शिपमेंट में वृद्धि जारी रहती है, एप्पल जल्द ही दूसरी पीढ़ी को विकसित करेगी। एप्पल ने अवांछित ट्रैकिंग को रोकने के उद्देश्य से एयरटैग को लॉन्च किया था। **फोटो** IANS

## ब्रीफ न्यूज़...

### जैम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट मई में 20% बढ़कर 25,365 करोड़ रुपये पर

**मुंबई/एजेंसी।** अमेरिका समेत महत्वपूर्ण बाजारों से मजबूत मांग के बूते जैम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट में मई, 2022 में सालाना आधार पर तेजी आई है और पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में यह करीब 20 प्रतिशत बढ़कर 25,365.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। जैम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने एक बयान में कहा कि मई, 2021 में जैम्स एंड ज्वैलरी का कुल निर्यात 21,156.10 करोड़ रुपये था। 2022 के अप्रैल-मई में जैम्स एंड ज्वैलरी का कुल सकल निर्यात 10.08 फीसदी बढ़कर 51,050.53 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो 2021 की समान अवधि में 46,376.57 करोड़ रुपये था। जीजेईपीसी के अध्यक्ष कोलिन शाह ने कहा कि मेरा यह मानना है कि हम भारत को दुनिया का पसंदीदा जैम्स एंड ज्वैलरी विनिर्माता बनने की दिशा में बढ़ता देख रहे हैं। तराशे एवं पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात भी मई में 10.04 फीसदी बढ़कर 16,156.03 करोड़ रुपये हो गया जो 2021 की समान अवधि में 14,681.42 करोड़ रुपये था।

### 'एयर फेयर लिमिट बढ़ाई गई तो खुशी होगी'

**दोहा/पीटीआई।** विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि अगर हवाई किराये की निचली और ऊपरी सीमा बढ़ाई जाती है, तो कंपनी को खुशी होगी। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि सबसे अच्छा समाधान यह होगा कि एयरलाइंस को कीमतें तय करने की पूरी आजादी हो। भारत में 16 जून को विमान ईंधन की कीमतों में अब तक की सबसे अधिक 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। इसके साथ ही एटीएफ की कीमत अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इससे पहले इंडियो और स्पाइसजेट भी कह चुकी हैं कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय को घरेलू हवाई किराये की ऊपरी सीमा बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

### जाफना-इंडिया के बीच फ्लाइट फिर शुरू करेगा श्रीलंका

**कोलंबो/एजेंसी।** श्रीलंका अगले महीने से उत्तरी जाफना प्रायद्वीप से भारत के लिए उड़ानें फिर शुरू करने जा रहा है। नागर विमानन मंत्री निमल सिरिपाला डी सिल्वा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कदम से देश के पर्यटन उद्योग को समर्थन मिलेगा और आर्थिक संकट को कम करने में मदद मिलेगी। श्रीलंका के पर्यटन विकास प्राधिकरण का लक्ष्य साल के शेष महीनों में आठ लाख पर्यटकों को आकर्षित करने का है। उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के पलाली हवाईअड्डे से भारत के लिए उड़ानें अगले महीने फिर शुरू हो जाएंगी। हालांकि उन्होंने इसके लिए कोई निश्चित तिथि नहीं बताई। उन्होंने कहा कि उड़ानें फिर शुरू होने से देश को मौजूदा डॉलर संकट से निकलने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा हवाईपट्टी के जरिये अभी सिर्फ 75 सीट का विमान उड़ान भर सकता है। इसका विस्तार करने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत इस हवाईपट्टी के विस्तार में सहयोग देगा। अक्टूबर, 2019 में इस हवाईअड्डे को जाफना अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का नाम दिया गया था। यहां पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान चेन्नई से उतरी थी। 2019 में इस हवाईअड्डे के पुनर्विकास का वित्तपोषण श्रीलंका और भारत ने किया था। इससे पहले भारत की अलायंस एयर चेन्नई से पलाली के लिए सप्ताह में तीन उड़ानों का परिचालन करती थी। लेकिन नवंबर, 2019 में श्रीलंका में सरकार बदलने के बाद यह उड़ान बंद हो गई थी।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के 428 प्रोजेक्ट्स की कॉस्ट 4.98 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 428 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.98 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है।

मंत्रालय की अप्रैल,2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,559 परियोजनाओं में से 428 की लागत बढ़ी है, जबकि 647 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन 1,559 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,73,907.11 करोड़ रुपये थी, जिसके बढ़कर 26,72,201.26 करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 22.92 प्रतिशत या 4,98,294.15 करोड़ रुपये बढ़ी है।

## इस बार नया रिकॉर्ड बनाने की तरफ चारधाम यात्रा



**देहरादून/ एजेंसी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा नया रिकॉर्ड बनाने की तरफ आगे बढ़ रही है। 2019 की तुलना में इस बार मात्र डेढ़ माह में ही दो तिहाई तीर्थयात्री चारधामों में पहुंच चुके हैं। अब तक 22.50 लाख तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। जबकि 32 लाख से अधिक यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। अब यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य होने लगी है। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 की तुलना में इस यात्रा सीजन में अब तक डेढ़ माह की अवधि में दो तिहाई तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। 2019 में सर्वाधिक 34.84 लाख यात्री चारधाम यात्रा में आए थे। जो इससे पहले की यात्राओं की तुलना में रिकॉर्ड था। कोविड महामारी के कारण 2020 और 2021 में चारधाम यात्रा प्रभावित रही। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए बंदिशों के बीच 2020 में 3.33 लाख और 2021 में पांच लाख से अधिक यात्री चारधाम पहुंचे थे। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि चारधाम यात्रा शुरू होने से अब तक 22.50 लाख तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। इसमें बदरीनाथ धाम में 7.82 लाख, केदारनाथ धाम में 7.44 लाख, गंगोत्री में 3.94 लाख और यमुनोत्री धाम में 3.03 लाख तीर्थयात्री पहुंचे हैं। इसके अलावा हेमकुंड साहिब में 1.14 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

चारधामों में तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पहली बार स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा मार्गों पर नौ स्थानों पर हेल्थ स्क्रीनिंग शुरू की। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड और ऑक्सीजन की कमी से स्वास्थ्य पर पड़ने पर विपरीत प्रभाव के लिए 30 डॉक्टरों को उपचार के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा ह्रदय रोगियों के लिए 12 डाक्टरों को कॉर्डियोलॉजी ट्रेनिंग देकर तैनात किया गया। 2019 की तुलना में 107 मेडिकल अफसर के मुकाबले इस बार 178 डॉक्टर यात्रा ड्यूटी में तैनात किए गए।

## 'इंडिया में एविएशन कंपनियों के लिए प्रोफिट कमाना आसान नहीं'



**दोहा/पीटीआई।** भारत में किसी विमानन कंपनी के लिए लाभ कमाना सरल नहीं है और किराये की सीमा तथा विमान के ईंधन पर लगने वाले कर जैसी समस्याओं का समाधान करना पड़ेगा। यह बात अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कही। आईएटीए के एशिया प्रशांत क्षेत्र के उपाध्यक्ष ने आईएटीए की 78वीं वार्षिक बैठक पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या विस्तारा और एअर इंडिया का टाटा समूह द्वारा विलय कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पूर्ण सेवा प्रदाता कंपनियां हैं। विस्तार छोटी है और हालांकि वे 5-6 साल से व्यवसाय कर रहे हैं लेकिन फिर भी वे घाटा सह रहे हैं। भारत में लाभ कमाना सरल नहीं है। बहुत सारी समस्याओं का समाधान करने की जरूरत है। वे आश्वस्त हैं कि टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइन्स के बीच एअर इंडिया और विस्तारा के विलय को लेकर बातचीत चल रही होगी। भारत के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उड़ान की कीमतें विमानन कंपनियों को तय करने देना चाहिए और जिस तरह इस पर नियंत्रण रखा जा रहा है, वैसा नहीं होना चाहिए।

### दिसम्बर, 2024 तक अधिकांश एयरपोर्ट कार्बन न्यूट्रल होंगे

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिसम्बर, 2024 तक देश के अधिकांश एयरपोर्ट्स कार्बन न्यूट्रल हो जायेंगे। वर्ष 2030 तक नैट जीरो का फिगर एचीव होने की पूरी सम्भावना है। सिविल एविएशन के शीर्ष अधिकारियों ने यह बात कही है। मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेट्री रूबीना अली ने निजी एयरपोर्ट्स और एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इन्डिया से वह प्लान पेश करने को कहा है जो नैट जीरो का खाका बताता है। अधिकांश एयरपोर्ट एन्वायरमेंटल फ्रेंडली तरीके अपनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। एविएशन मंत्रालय का फोकस ग्रीन एयरपोर्ट्स पर है और इस लक्ष्य को अचीव कर लेने के प्रयास किये जा रहे हैं। जीएमआर ने अनेक कदम उठाए हैं और अन्य एयरपोर्ट्स भी जरूरी कदम उठा रहे हैं।

जीएमआर लेड दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड पहले ही एशिया पैसिफिक फर्स्ट लेवल 4+ एक्रीडीशन प्राप्त कर चुका है। छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल को सीआईआई ने एनर्जी एफिशियंट यूनिट का दर्जा दिया है। सस्टेनेबिलिटी और ग्रीन इनीशिएटिव्ज के लिए यह दर्जा मिला है। इंडस्ट्री स्पेशियलिस्ट के अनुसार देश के हवाई अड्डे पहले ही एमीशन कम करने के उपाय कर रहे हैं। ग्रीन इन्फ्रस्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रकार के उपायों से 2024 तक देश के अधिकांश एयरपोर्ट कार्बन न्यूट्रल हो पायेंगे।

## अग्निवीरों के लिए कॉरपोरेट क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : महिंद्रा

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने केंद्र की अग्निपथ योजना के विरोध में हुई हिंसा पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि महिंद्रा समूह इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित, सक्षम और युवा अग्निवीरों का अपने यहां भर्ती के लिए स्वागत करेगा। उन्होंने रक्षा सेवाओं में चार साल के कार्यकाल के लिए 17.5 साल से 23 साल तक के युवाओं



की भर्ती योजना पर कहा कि इन अग्निवीरों के लिए कॉरपोरेट क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। महिंद्रा ने ट्वीट किया कि अग्निपथ कार्यक्रम के विरोध में हुई हिंसा से दुखी हूं। जब पिछले साल इस योजना पर विचार किया गया था, तो मैंने कहा था और उस बात को मैं दोहराता हूं। अग्निवीरों का अनुशासन और कौशल उन्हें रोजगार के योग्य बना देगा।

उन्होंने आगे कहा कि महिंद्रा समूह ऐसे प्रशिक्षित, सक्षम युवाओं की भर्ती के अवसर का स्वागत करता है। एक ट्विटर उपयोगकर्ता ने उनसे पूछा कि महिंद्रा समूह इन अग्निवीरों को कौन सा पद देगा, तो उन्होंने जवाब दिया कॉरपोरेट क्षेत्र में अग्निवीरों के लिए रोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं। नेतृत्व, टीम वर्क और शारीरिक प्रशिक्षण के साथ ये अग्निवीर उद्योग को बाजार के लिए तैयार पेशेवर समाधान देते हैं। ये समाधान परिचालन से लेकर प्रशासन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तक विस्तृत हैं।

## मोबाइल डाउनलोड स्पीड के मामले में इंडिया की ग्लोबल रैकिंग बढ़ी

**नयी दिल्ली/एजेन्सी।** मोबाइल डाउनलोड स्पीड के मामले में भारत ने वैश्विक रैंकिंग में सुधार दर्ज किया है। मई में 14.28 एमबीपीएस की स्पीड के साथ भारत 115 वें स्थान पर पहुंच गया। अप्रैल में 14.19 एमबीपीएस की डाउनलोड स्पीड दर्ज की गई थी। नेटवर्क इंटेलिजेंस और कनेक्टिविटी फर्म उकला की रिपोर्ट के अनुसार फिक्स्ड मीडियन डाउनलोड स्पीड के मामले में भी भारत की स्थिति सुधरी है। अप्रैल में यह 76वें स्थान पर था और मई में यह बढ़कर 75वें स्थान पर आ गया। हालांकि, फिक्स्ड ब्रॉडबैंड पर औसत डाउनलोड स्पीड मामले में भारत के प्रदर्शन में मामूली गिरावट देखी गई। अप्रैल में 48.09 एमबीपीएस से मई में यह 47.86 एमबीपीएस हो गई। नॉर्वे और सिंगापुर वैश्विक मोबाइल स्पीड और फिक्स्ड



ब्रॉडबैंड स्पीड के मामले में शीर्ष पर हैं, जिनकी औसत डाउनलोड स्पीड क्रमशरू 129.40 एमबीपीएस और 209.21 एमबीपीएस है। रिपोर्ट के अनुसार अफ्रीकी देशों जैसे आइवरी कोस्ट, गैबॉन और कांगो ने मई में मोबाइल डाउनलोड स्पीड और फिक्स्ड ब्रॉडबैंड स्पीड में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। डाउनलोड स्पीड के ग्लोबल इंडेक्स का डाटा लोगों द्वारा हर माह अपनी इंटरनेट स्पीड जांचने के लिए किए जाने वाले स्पीड टेस्ट के आंकड़ों से जुटाया गया है।

**मयूर यूनीकोटर्स लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स :** ग्राम जैतपुरा, जयपुर सीकर रोड़, तहसील चौमू, जिला जयपुर, 303704 (राज.) भारत
**टेलीफोन :** 91-1423-224001; **फैक्स :** 91-1423-224420
**सीआईएन :** एल18101आरजे1992पीएलसी006952
**वेबसाइट** www.mayuruniquoters.com; **ईमेल :** secr@mayur.biz

**कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण की पुस्तिका बंद होने की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण की आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अन्तर्गत कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर हस्तांतरण पुस्तिका शनिवार, 09 जुलाई 2022 से सोमवार 11 जुलाई 2022 (दोनों दिवस शामिल) तक, कम्पनी की 29वीं वार्षिक आम सभा तथा 31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के अंतिम लाभांश को प्राप्त करने के पात्र सदस्यों के नाम निर्धारित करने हेतु बंद रहेंगे।

कृते मयूर यूनीकोटर्स लिमिटेड
दिनेश शर्मा
कम्पनी सचिव

**दिनांक : जून 20, 2022**
**स्थान : जैतपुरा, जयपुर**

**बैद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**
सीआईएन : U65100RJ2008PTC027935
पंजीकृत कार्यालय: 1,तारा नगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006 (राजस्थान)
ईमेल आईडी: elegantprimedev@gmail.com, सम्पर्क नं. 0141-2225600

**सार्वजनिक सूचना**

यह नोटिस 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी- हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2021 (''आरबीआई निर्देश'') के अध्याय-XIV के अनुसार बैद हाउसिंग फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड (''बैद एचएफसी/ कंपनी'') द्वारा जारी किया गया है जिसका सीआईएन U65100RJ2008PTC027935 है जो राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29 ए के तहत पंजीकृत है, पंजीकरण संख्या 04.0166.18 है।

आरबीआई ने पत्र सं. DOR.HOL No.S463/27.01.001/2022-2023 दिनांक 22 अप्रैल, 2022 और CO.DOR.HGG. No. S1023/18-02-016/2022-2023 दिनांक 19 मई, 2022 द्वारा 26 प्रतिशत या अधिक चुकता अंश पूंजी के अधिग्रहण/ हस्तांतरण और बैद एचएफसी के प्रबंधन में परिवर्तन को मंजूरी दी थी। जिसके परिणामस्वरूप, स्वामित्व सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड (''सत्या'') के पास है।

सत्या को स्वामित्व के हस्तांतरण के कारण कंपनी का 1, तारा नगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006 (राजस्थान) स्थित पंजीकृत कार्यालय को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, 519, 5वीं मंजिल, प्राईम टॉवर, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020 पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। 16 जून 2022 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा पारित संकल्प के अनुसार शेयरधारकों के अनुमोदन और अन्य संबंधित प्राधिकरण/ व्यक्तियों से अनुमोदन के अधीन होंगे, जहां लागू हो।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण होने से प्रभावित होने की संभावना है और उसे इस संबंध में कोई आपत्ति है तो इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 3 महीने के भीतर कंपनी को संचार के निम्नलिखित तरीकों में से किसी भी माध्यम द्वारा अपने हित की प्रकृति और आपत्ति के आधार का उल्लेख करते हुए लिखित रूप में सूचित कर सकता है।

(ए) श्री रंजीत कुमार मिश्रा, निदेशक (DIN.:09385273) को 1, तारा नगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006 (राजस्थान) को संबोधित पत्र द्वारा
(बी) ई-मेल आईडी elegantprimedev@gmail.com पर ई-मेल करें।

इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट www.baidhfc.com पर भी उपलब्ध है।

बैद हाउसिंग फाईनेंस प्राइवेट लिमिटैड
हस्ता./-
विवेक तिवारी
निदेशक (DIN: 02174160)

दिनांक: 20 जून, 2022
स्थान: जयपुर

